## संक्षिप्त

### परीक्षा परिणाम में गड़बड़ी का आरोप

**करौली ।** कोटा विश्वविद्यालय के द्वारा हाल ही में जारी पीजी द्वितीय सेमेस्टर परीक्षा परिणाम में कथित रूप से गडबडी का आरोप लगाते हुए छात्राओं ने कोटा विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक के नाम राजकीय कन्या महाविद्यालय करौली प्राचार्य जमुनालाल मीणा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में एबीवीपी जिला संयोजक योगेंद्र डागुर ने बताया कि कोटा विश्वविद्यालय कि ओर से हाल ही में जारी किए गए द्वितीय सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम की गडबडी सामने आई है इस परिणाम में महाविद्यालय कि सभी छात्राओं की बैक लगा दी है जबकि कुछ छात्राओं को बीएससी प्रथम सेमेस्टर में अनिवार्य विषय मे 18 अंक पर पास कर दिया एवं 19 अंक पर बैक लगा दी साथ ही डागुर ने बताया कि इस परिणाम मे जिले के अधिकतर छात्र छात्राओं कि बैक लगा दी है इस दौरान नगर मंत्री मयंक शर्मा, रिसिका, अनन्या, मुस्कान, सपना,ज्योति सहित अनेक छात्राएं शामिल रही।

### दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर संपन्न

**करौली।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय महू हरनगर में दो दिवसीय एसएमसी,एसडीएमसी प्रशिक्षण शिविर का शुक्रवार को समापन किया गया। विद्यालय विकास एवं प्रबंधन समिति के सचिव राजेन्द्र दीवान ने बताया कि प्रशिक्षण के अन्तर्गत संभागियों को विद्यालयों में विद्यालय प्रबंधन समिति, विकास समिति गठन की प्रक्रिया, कार्य, उत्तरदायित्व, सामुदायिक गतिशीलता, जागरूकता, विद्यालय योजना निर्माण आदि का प्रशिक्षण दिया गया तथा नि:शुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिनियम 2009 एवं राज्य नियम 2011, नई शिक्षा निति, विद्यार्थी हितार्थ राजकीय योजनाओं व समठा शिक्षा अन्तर्गत संचालित कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। सन्दर्भ व्यक्ति के रूप में गिरधारी लाल नामा व शिवलहरी मीना ने सवाल जवाब सत्र में संभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया उप प्रधानाचार्य दिलीप कुमार शर्मा ने वित्तीय नियम एवं लेखा प्रक्रिया की सारगर्भित जानकारी दी। पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी घनश्याम जाटव ने समठा शिक्षा के अन्तर्गत विधालयों को प्राप्त विभिन्न अनुदानों को विद्यार्थी हित में शीघ्र एवं नियमानुसार राशि का उपयोग करने पर जोर दिया। प्रशिक्षण में ठााम पंचायत हरनगर के अन्तर्गत संचालित एक दर्जन राजकीय उच्च माध्यमिक,उच्च प्राथमिक व प्राथमिक विद्यालयों कि प्रबंधन समितियों के अध्यक्ष,सचिव व सदस्यों ने भाग लिया।

### सांस्कृति सप्ताह का समापन

**करौली।** राजकीय महाविद्यालय करौली में 27 से 31 जनवरी के मध्य आयोजित खेल कूद एवं सांस्कृतिक सप्ताह का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह का शुक्रवार को आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न खेल एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे छात्र छात्राओं को प्राचार्य डॉ. विश्राम लाल बैरवा, खेल प्रभारी प्रो. दिने'ा मीना, सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी डॉ.गुन्जन गर्ग द्वारा पुरस्कृत किया गया। उक्त कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुनील कुमार शर्मा एवं डॉ.विश्राम लाल मीना द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रो. नत्थू सिंह राजपूत,विनोद शंकर मीना,प्रो. रामसिंह मीना,डॉ. ओमप्रका'ा मीना,डॉ. मुने'ा लाल मीना,डॉ. रमे'ा मीना,डॉ. महेन्द्र मीना,देवीसहाय प्रजापत आदि संकाय सदस्य उपस्थित रहे।

### स्कूल को कम्प्यूटर भेंट

**करौली ।** डांग विकास संस्थान करौली द्वारा मचेट जाटव बस्ती के विधालय में प्रधानाध्यापक सियाराम जाटव के प्रयासों से स्थानीय विद्यालय जाटव बस्ती मचेट में डाँग विकास संस्थान करौली के कार्यक्रम समन्वयक राजेश कुमार शर्मा द्वारा कंप्यूटर भेंट किया गया। विद्यालय परिवार ने डांग विकास संस्थान के कार्यक्रम समन्वयक और उनकी टीम का आभार व्यक्त कर माला एवं साफा पहना कर स्वागत किया गया है।

### विधायक को सौंपा पत्र

**सूरौठ ।** उप तहसील शेरपुर के ग्रामीणों ने करौली विधायक दर्शन सिंह गुर्जर को निवास पर पहुँच कर उप तहसील शेरपुर को पंचायत समिति बनवाने के लिए ज्ञापन सौंपा इसकी आबादी वर्ष 2011 की जनसंख्या के अनुसार 16 हजार है। उप तहसील शेरपुर के आस पास 20 ठााम पंचायत है सभी पंचायतों का मुख्य एवं मध्य केंद्र उप तहसील शेरपुर है।

# भाजपा की बैठक में संगठन की मजबूती पर जोर



भाजपा की संगठनात्मक बैठक मंत्री जवाहर सिंह बेडम के मुख्य आतिथ्य में आयोजित गई।

**भरतपुर (निस)।** भाजपा की संगठनात्मक बैठक जिला कार्यालय भरतपुर पर राजस्थान सरकार के राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेडम के मुख्य आतिथ्य में आयोजित की गई। जिसमें विषिश्ट अतिथि डॉ षैलेश सिंह, पूर्व सांसद रामस्वरूप कोली, ग्यारसाराम कोली एवं पूर्व जिलाध्यक्ष भानूप्रताप राजावत, गिरधारी तिवारी, सतेन्द्र गोयल, रविन्द्र जैन थे। जिसकी

■ **बैठक की अध्यक्षता नवनियुक्त जिलाध्यक्ष शिवानी दायमा ने की**

अध्यक्षता नवनियुक्त जिलाध्यक्ष षिवानी दायमा ने की। इस मौके पर राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेडम ने कहा कि कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ की हड्डी है। भाजपा ने आज जो केंद्र में और संपूर्ण भारत के अधिकतर राज्यों में जो सरकार बनाई है वो कार्यकर्ताओं के दम पर बनाई है तथा योजनाएं भी कार्यकर्ताओं के समन्वय से तैयारी की जा रही हैं। इस मौके पर डीग-कुम्हेर विधायक डॉ षैलेश सिंह ने कहा कि यह गर्व की बात है कि भरतपुर के लाल मुख्यमंत्री के पद पर आसीन हैं जिससे भरतपुर को कई योजनाओं का लाभ होगा तथा भरतपुर स्मार्ट सिटी के तहत विकसित जिले के रूप में उभरेगा। जिलाध्यक्ष षिवानी दायमा ने कहा कि आज पार्टी के षीर्श नेतृत्व द्वारा जो दायित्व दिया गया है उसको पूर्ण करने का प्रयास आप सब के माध्यम से करूंगी तथा मैं विष्वास दिलाती हूं कि मैं कार्यकर्ताओं के साथ सहभागी बनकर सबको साथ लेकर चलूंगी तथा उनके सुख-दुख में हमेषा खड़ी मिलूंगी। उन्होंने कहा कि भरतपुर में विकास की दृश्टि से एक साल में जो काम हुए जो पिछले कांग्रेस के पांच साल के काम की तुलना में अधिक हैं तथा भविश्य में भी कई प्रोजेक्ट भरतपुर जिले के विकास के लिए आने वाले हैं जिनसे भरतपुर का कायाकल्प होना निष्चित है। संगठन की रूपरेखा को बताते हुए कहा कि आज संगठन का कार्यकर्ता अपने को गौरवान्वित महसूस करता है कि जब हममें से निकला एक कार्यकर्ता मुख्यमंत्री के पद पर आसीन होता है।

## 'बजट निराशाजनक'

**जयपुर/सवाई माधोपुर।** आज के केंद्रीय बजट की दिशा "कृषि में स्वावलंबन एवं गांव में स्वायत्तता" नहीं होने से देश का किसान बाजारवाद की चपेट में पिसता रहेगा। वही ठााम उद्योग की संभावना क्षीण होने से बेरोजगारी की पीड़ा से मुक्त नहीं हो पाएगा। किसान की आय में बढ़ोतरी के लिए उनकी उपज के वे दाम भी प्राप्त नहीं कर पाएंगे जिन्हें सरकार न्यूनतम घोषित करती है, क्योंकि इस संदर्भ में कानून बनाने की इस बजट में कोई चर्चा नहीं है । सरकार ने लघु एवं मध्यम उद्योगों की भागीदारी 45 बताकर उन्हें समृद्धि के स्तंभ के रूप में निरूपित किया किंतु ठााम उद्योगों की इस बजट में चर्चा नहीं की है। देश में एक गांव में औसत 10 उद्योग थे जिनके अनुसार देश में 65 लाख से अधिक उद्योग संभावित है । इस और सार्थक पहल करने के विपरीत सरकार इस नीति पर चल रही है, जिससे गांव के मोची को मार कर बाटा को तथा लोहार को मार कर टाटा को पनपाया। इससे गांव अभाव एवं बेरोजगारी के केंद्र बने तथा शहरों एवं गांव में सुविधाओं में भेदभाव पूर्ण नीति अपनाई गई। उसी से गांव की प्रतिभाओं का शहरों की ओर की ओर पलायन हुआ। इस बजट में गांव की प्रतिभाओं के पलायन को रोकने का दृष्टिकोण ही नहीं है।

## भाजपा नेताओं ने बजट को लेकर वित्तमंत्री का आभार व्यक्त किया

■ **'बजट में देश के सभी वर्ग का ख्याल रखा गया है'**

**भरतपुर (निस)।** बजट को लेकर भाजपा के नेताओं ने हर्श जताते हुए इसे ऐतिहासिक बजट बताया है। डीग कुम्हेर विधायक डॉ षैलेश सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं वित्त मंत्री सीतारमण का धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि बहुत षानदार बजट पेश किया है। उन्होंने देश के सभी वर्ग का ख्याल रखा है। खास तौर पर मध्यम वर्ग पर 12 लाख तक आय पर कोई टैक्स नहीं रखने का प्रावधान किया है। मेडिकल क्षेत्र में भी उल्लेखनीय घोशणाए की हैं। करीब दस हजार सीटें बढाई गई है। किसान के लिए पांच लाख रूपये तक लोन का प्रावधान क्रेडिट कार्ड में दिया है। चहुमुखी विकास की दृष्टि से बजट बनाया गया है। देष को विकसित भारत बनाने की दिषा में बजट पेष किया है। मुकेष सिंघल ने कहा कि एतिहासिक बजट पेष किया है।

जनता के हित में निर्णय लिए गए हैं। मध्यम परिवार के लोगों के लिए विषेश ध्यान दिया गया है। राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व वित्तमंत्री सीतारमण ने देष के हर वर्ग का ध्यान रखते हुए बजट पेष किया है। बजट में किसान, युवा, महिलाओं, बुजुर्गों, व्यापारियों, मध्यम वर्ग का ध्यान रखा गया है। देष को विकसित दिषा में षामिल करने वाला बजट पेष किया है। राजस्थान में विभिन्न परियोजनाओं के लिए बजट में घोशणाए की हैं। जिससे राजस्थान का भी विकास होगा। राकेष सर्राफ ने कहा कि बहुत ही षानदार बजट पेष किया गया है। इलैक्ट्रोनिक्स व मैटल की दरें कम की गई है। आमजनता के लिए बहुत सुखद व बढिया बजट पेष किया गया है।

नरेन्द्र सिंघल ने कहा कि मेडिकल पर दस हजार सीटें प्रति वर्श बढाना बहुत ही षानदार घोशणा की है। भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष षिवानी दायमा ने केन्द्र सरकार की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा केन्द्र सरकार के आठवें बजट पर खुषी जाहिर करते हुए कहा कि यह बजट एक अद्वितीय बजट है और आम जनता को राहत देने वाला बजट है। बजट में जिस प्रकार से राजस्थान सरकार को अतिरिक्त बजट देकर विकास की एक नई सौगात दी है।

## मुख्यमंत्री आज रहेंगे कैमरी दौरे पर

**करौली।** जिला कलक्टर नीलाभ सक्सेना ने बताया कि आज रविवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा कैमरी दौरे पर रहेंगे कैमरी में मुख्यमंत्री भगवान जगदीशजी के लक्खी मेले में शिरकत करेंगे और किसान सम्मेलन को संबोधित करेंगे।

उन्होने बताया कि मुख्यमंत्री जयपुर से प्रस्थान कर प्रात: 11.50 बजे कैमरी के हैलीपेड पर पहुँचेंगे हैलीपेड से प्रस्थान कर दोपहर 12:00 बजे श्री जनकपुर मन्दिर के पास पहुँचकर भगवान जगदीश का आशीर्वाद प्राप्त करेंगे और लक्खी मेले में भाग लेंगे साथ ही सभा स्थल पर विशाल किसान सम्मेलन को संबोधित करेंगे। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री कि प्रस्तावित यात्रा के दौरान कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाए रखने के लिए ड्यूटि मजिस्ट्रेट नियुक्त कर दिये गए हैं हैलीपेड पर श्रीमहावीरजी के तहसीलदार एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट हरसहाय मीना,जगदीश धाम मन्दिर परिसर परिक्षेत्र में टोडाभीम के तहसीलदार एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट हरसहाय मीना व नायब तहसीलदार सीमा गुर्जर को ड्यूटि मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है।

## एलआईसी के प्रशासनिक अधिकारी पर लगाये आरोप

**करौली।** लियाफी करौली संगठन के पदाधिकारीयो ने करौली शाखा को लेकर एलआईसी अध्यक्ष मुंबई को पत्र बेचकर अवगत कराया कि करौली शाखा में कार्यरत प्रशासनिक अधिकारी बत्ती लाल बैरवा द्वारा अपनी पुत्रवधू अनीता बैरवा को एलआईसी का अभिकर्ता बनाया जो एलआईसी नियमो के विरुद्ध है।

संगठनों के पदाधिकारियों ने बताया कि अनीता बैरवा जिसका कोड नंबर 108541241 है बत्ती लाल बैरवा ऑफिस का काम ना करके अपने बेटे कि बहू का लगातार काम कर रहा है।

लगभग 9 महीने में 100 पॉलिसी से अधिक कर दी और ग्रामीण अभिकर्ता के रूप में मंथली सैलरी प्राप्त कर रही है जो एलआईसी के नियम विरुद्ध हैं उन्होने बताया कि अधिकारी ऑफिस में आए ठााहकों को बहला फुस्लाकर उनकी पुरानी पॉलिसी को सरेंडर कर उनकी नई पॉलिसी करता है अपनी एजेंसी काम को लेकर दिनभर ग्राहकों कि तलाश में लगा रहता है जिसके कारण सेल्स भाग का काम भी खराब हो रहा है यह ठााहकों को बोलता है कि मे एलआईसी का कर्मचारी हूं सीधे ही बीमा करूंगा तो आपको मैच्योरिटी पर ज्यादा पैस मिलेगा क्योंकि इसमें कमीशन एजेंट को नहीं जाएगा अभिकर्ता 108541241 के समस्त ठााहकों से फोन कर पूछ सकते हैं कि आपका बीमा किसने किया है एलआईसी ऑफिस से मैच्योरिटी पेमेंट कि ऑफिस से लिस्ट लेकर ठााहकों को अनआवश्यक फोन करता है संगठन के पदाधिकारियो ने बताया कि इस मामले को लेकर पूर्व मे एसडीएम जयपुर को भी 'ाकायत कि जा चुकी है मगर कोई कार्यवाही नही हुई अधिकारी के विरूद्ध शिकायत सौपने वालो मे लियाफी करौली शाखा के अध्यक्ष दौलत चंद जाटव,सचिव लक्ष्मी कांत तिवारी, मंडल सदस्य नगेन्द्र जैन, पूर्व जोन सेक्रेटरी नार्थ जॉन भूरसिंह चैधरी, विकास गुप्ता, हरिसिंह माली, दिनेश शर्मा, मीरादेवी, धीरेन्द्र शर्मा, पुष्पेंद्र, करौली शाखा के समस्त अभिकर्ताओ ने कार्यवाही कि मांग कि है।

## आरपीएससी द्वारा तय ड्रेस कोड में आने पर ही प्रवेश संभव

**करौली ।** राजस्थान लोक सेवा आयोग के तत्वाधान में आ आज रविवार को आयोजित कि जाने वाली राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं संयुक्त प्रतियोगी,प्रारम्भिक परीक्षा 2024 की जिले में सफल क्रियान्विति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला कलक्टर नीलाभ सक्सेना ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए है।

जिला कलक्टर ने निर्देशित किया कि प्रतियोगी परीक्षा में किसी भी प्रकार की अवांछित गतिविधि को रोकने व परीक्षा आयोजन की निष्पक्षता, नियमबद्धता, गुणवत्ता व शुचिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से राजस्थान लोक सेवा आयोग के समस्त निर्देशों की अधिकारी अक्षरश: पालना सुनिश्चित करें।

जिला कलक्टर ने आरपीएससी की गाइडलाइंस को दोहराते हुए कहा कि 2 फरवरी को परीक्षा के दिन प्रात: 9:00 से 11:00 बजे तक ही प्रवेश दिया जाये। 11:00 बजे के बाद किसी भी परीक्षार्थी को प्रवेश नहीं दिया जाए। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि आरपीएससी द्वारा तय ड्रेस कोड में आए अभ्यर्थियों को ही प्रवेश दिया जाए जिसमें पुरुष अभ्यर्थियों के लिए आधी आस्तीन के शर्ट या टी-शर्ट या कुर्ता,पेंट या पायजामा एवं हवाई चप्पल या स्लीपर निर्धारित है वहीं महिला अभ्यर्थी सलवार सूट या साड़ी या आधी आस्तीन का कुर्ता या ब्लाउज, हवाई चप्पल या स्लीपर पहने हों एवं बालों में साधारण रबड बैण्ड लगा होना निर्धारित है। सर्दी के मौसम को देखते हुए परिक्षार्थीयों को साधारण गर्म कपडे एवं शूज पहन कर परीक्षा में सम्मलित होने की अनुमति दी जा सकती है। महिला परीक्षार्थी लाख या कांच की पतली चूड़ियों के अलावा अन्य कोई जेवरात पहनकर नहीं आये। परीक्षार्थीयों को परीक्षा केन्द्र में किसी भी प्रकार की घड़ी, मौजे, धूप का चश्मा, बैल्ट, हैण्ड बैग, हेयर पिन, गण्डा या ताबीज, कैप या हैट, स्कार्फ, स्टॉल या शॉल, मफलर पहनकर परीक्षा में शामिल नहीं होने दिया जाए। वहीं गृह विभाग, राजस्थान सरकार के निर्देशानुसार सिख धर्म के परीक्षार्थी कड़ा, कृपाण एवं पगड़ी आदि धार्मिक प्रतीक की अनुमति आवश्यक फ्रिस्किंग के पश्चात परीक्षा में शामिल हो सकते है।

जिला कलक्टर एवं मजिस्ट्रेट ने संबंधित अधिकारियों एवं सतर्कता दल को निर्देशित किया कि फर्जी कैंडिडेट की पहचान सुनिश्चित कर उनकों रोकने के लिए आरपीएससी द्वारा भेजी गई मूल उपस्थिति पंजिका से उनका मिलान किया जाए,यदि किसी अभ्यर्थी को उल्लंघन करते हुए पाएं या उसके पास कोई भी प्रतिबंधित सामठाी अथवा उपकरण पाया जाए तो उसके विरूद्ध राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम के अध्युपाय संशोधन अधिनियम 2022 के तहत कठोरत्तम कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। जिला परीक्षा समन्वयक अतिरिक्त जिला कलक्टर हेमराज परिडवाल ने बताया कि उक्त परीक्षा में अनुचित साधनों के उपयोग की रोकथाम के लिए राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम के अध्युपाय संशोधन अधिनियम 2022 लागू किया गया है। जिसके अनुसार परीक्षा के संचालन में किसी भी गतिविधि में अनुचित साधन का उपयोग पूर्णतया निषिद्ध एवं कठोरत्तम दंड से दंडनीय है। अनुचित साधन का उपयोग पाए जाने पर 10 वर्ष से आजीवन कारावास एवं न्यूनतम 10 लाख रुपए से 10 करोड़ रुपए तक जुर्माने का प्रावधान है।

वहीं ऐसे परीक्षार्थी को भर्ती परीक्षा देने से निषिद्ध भी किया जाएगा। यह कृत्य संज्ञेय, गैर-जमानतीय एवं गैर-समझौता योग्य अपराध है। उन्होंने उक्त अधिनियम में दर्ज दण्ड प्रावधानों को समस्त परीक्षा केन्द्रों पर सदृश्य स्थान पर चस्पा करने के निर्देश केंद्राधीक्षकों एवं संबन्धित अधिकारियों को दियें।

## 'नैतिक मूल्यों के प्रति सचेत रहे'

**सपोटरा करौली ।** ग्राम पंचायत नारौली डांग में शनिवार को पीएम श्री महात्मा गांधी अंठोजी माध्यम स्कूल में प्रधानाचार्य भरत लाल मीना की अध्यक्षता व राजकुमार मीना के मुख्य आतिथ्य में पीएम श्री फॉर स्कूल्स राइजिंग इंडिया के तहत संचालित गतिविधि नेतृत्व क्षमता,नैतिक व्यवहार,पत्रकार वार्ता व्याख्यान विषय पर सेमीनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने सरस्वती के चित्रपट्ट पर द्वीप प्रज्ज्वलित कर किया।

मुख्य वक्ता राजकुमार मीना ने कहा कि मीडिया साक्षरता हमें विद्यार्थियों या व्यक्तियों को विश्वसनीय और झूठ में अंतर करने के लिए सशक्त बनाकर गलत सूचना के प्रसार को समझने में मदद करती है। पत्रकारिता समाज या दैनिक जीवन को प्रभावित करने वाली घटनाओं, मुद्दों और लोगों के बारे में जानकारी देती है।यह अधिकारियों और आम जनता के बीच कड़ी के रूप में कार्य करती है। प्रधानाचार्य भरत लाल मीना ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में नेतृत्व क्षमता का विकास करना है।

# कवि सम्मेलन में गूंजी कविताएं



जगदीश मंदिर परिसर में स्थित सांस्कृतिक मंच पर देशभर के कवियों ने अपनी प्रस्तुति दी।

**हिंडौन सिटी।** कैमरी में चल रहे जगदीश भगवान के वार्षिक मेले में शनिवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। जगदीश मंदिर परिसर में स्थित सांस्कृतिक मंच पर देशभर के कवियों ने अपनी प्रस्तुति दी।

राजस्थान के विभिन्न क्षेत्रों सहित हरियाणा, दिल्ली, उत्तरप्रदेश आदि से पधारे कवियों ने वीर रस व हांस्य कविताओं के माध्यम से सभी को एक जगह रुके रहने पर मजबूर कर दिया। बयाना से पधारे वीर रस के कवि जगदीश खटाना ने ये आन बान और शान की मिट्टी है ये वीरों के बलिदान की मिट्टी है, जहां विराजते हैं साक्षात जगन्नाथ जी ये उस कैमरी गांव की मिट्टी है कविता प्रस्तुत की।

खटाना ने शीश काट काट के चढाने का जो सिलसिला है राम की कसम कभी रूकने न पाएगा मात कालिका के खूनी खप्पर में शत्रुओं का खून जो चढेगा कभी सूखने न पाएगा, खाते हैं सौगंध पन्नाधाय माँ का दीपदान वाला बलिदान कभी चुकने न पाएगा, कसम भगतसिंह के फांसी वाले फंदे की है प्यारा ये तिरंगा कभी झुकने न पाएगा जैसे वीर रस की कविता प्रस्तुत की। उदयपुर से आए अंतरराष्ट्रीय स्तर के कवि मनोज गुर्जर ने बेटियों पर आधारित कविता गुलशन में खिले फूल सी होती है बेटियाँ, जीवन में बीज प्यार के बोती है बेटियाँ, मत मारो इन्हें कोख में बेटो की चाह में, होता हैं दर्द बाप को रोती है बेटियाँ कविता के माध्यम से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर जोर दिया। हरियाणा के कवि प्रियतम नायक ने ना आने देना आंच इस तिरंगे पर तुम, मजहब की दीवारे तोड़ सोहार्द बनाए रखना, अनोखी सरगम दौसा ने जो गीत लिखता है वो संगीत लिखता है कविता पेश की। उत्तरप्रदेश के हास्य कवि सबरस मुसरानी हाथरस ने तेरी सूरत मेरी सास से मिल रही है, जुल्पो में खुद को फसाया है, तब तेरे संग ब्याह रचाया है कविता से सभी को हंसने पर मजबूर किया।

कवि राजेन्द्र चपराना परमदरा ने नन्ही बिटिया को पढ़ा दीजो, कविता के माध्यम से बेटियों को पढ़ाने की बात पर जोर दिया। कवि कृष्ण कुमार सैनी दौसा ने वीर रस की कविताएं सुनाई। कवि बाबूलाल डिगिया भरतपुर ने हांस्य व्यंग की कविताएं सुनाई। कवि सम्मेलन का संचालन करते हुए कवि हाकिम सिंह पावटा ने देश के शहीद व किसानों पर कविता पेश की। इससे पूर्व मंदिर ट्रस्ट समिति द्वारा सभी कवियों का स्वागत किया गया।

## सार-समाचार

### घने कोहरे से दृश्यता हुई कम



**गंगापुर सिटी।** शनिवार को मौसम ने एक बार फिर करवट बदली है। शनिवार की सुबह शहर में घना कोहरा छाया रहा, जिससे दृश्यता 3० मीटर से भी कम हो गई। वाहन ड्राइवरों को दिन में भी हेडलाइट जलाकर चलना पडा। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से अगले दो दिन में बारिश की संभावना है। शनिवार को न्यूनतम तापमान 13 डिग्री और अधिकतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पिछले 4-5 दिनों से मौसम साफ था और धूप खिलने से लोगों को सर्दी से राहत मिली थी। शुक्रवार रात से मौसम में आए बदलाव के बाद शनिवार सुबह से ही शीतलहर का प्रकोप बढ गया। सर्द हवाओं के कारण गलन और ठिठुरन बढने से लोगों की दिनचर्या अस्त-व्यस्त हो गई। अधिकांश लोग देर तक घरों में ही रहे, जिससे बाजार भी देर से खुले। शहर के चौराहों और गलियों में लोग अलाव जलाकर सर्दी से बचने का प्रयास करते दिखे। मौसम विभाग ने आगामी दिनों में कडाके की सर्दी और कोहरे के साथ बारिश का अलर्ट जारी किया है। इससे आम जनजीवन प्रभावित होने की आशंका है। वहीं धूप के खुलने के बाद दिनभर लोगो को गर्मी का एहसास हुआ।

### कलक्टर ने सुनी आमजन की समस्याएं

**करौली।** आमजन की समस्याओं की सुनवाई व उनके त्वरित निस्तारण के लिए जिला कलक्टर नीलाभ सक्सेना ने टोडाभीम पंचायत समिति की ग्राम पंचायत पदमपुरा में रात्रि चैपाल के दौरान जनसुनवाई की और जनसुनवाई में एवं राजस्थान सम्पर्क पोर्टल पर प्राप्त प्रकरणों का 15 दिन के अन्दर निस्तारण करने के निर्देश संबन्धित अधिकारियों को दिये। जनसुनवाई में जिला कलक्टर ने परिवादियों की समस्याएं सुनी और उनके शीघ्र निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये। जिससे आमजन को अनावश्यक रूप से किसी भी प्रकार की समस्या का सामना नहीं करना पडे। इस दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 24 परिवाद प्राप्त हुए। जिनमें खाद्य सुरक्षा में नाम जुड़वाने, मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने, प्रधानमंत्री आवास योजना पीएमएवाई,नई ठााम पंचायत बनवाने, पेयजल आपूर्ति, मानदेय दिलवाने, नामांतरण खुलवाने, जन्म प्रमाण पत्र बनवाने, साफ-सफाई करवाने, जल निकासी, अतिक्रमण हटवाने, पट्टा दिलवाने, विकलांग प्रमाण-पत्र बनवाने, भूमि आवंटन करवाने,हाई टेन्शन लाइन शिफ्ट करवाने, रास्ता खुलवाने सहित अन्य प्रकरण शामिल हैं। जिला कलेक्टर ने प्रत्येक प्रकरण की व्यक्तिगत सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को शीघ्रता से नियमानुसार कार्यवाही करने एवं आमजन को लाभान्वित करवाने के निर्देश प्रदान किए। रात्री चैपाल के दौरान मुख्य कार्यकारी अधिकारी शिवचरण मीना, कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक वीडी शर्मा,पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक गंगा सहाय मीना, टोडाभीम की उपखण्ड अधिकारी पूजा मीना,तहसीलदार हरकेश मीना सहित अन्य जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी,कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में परिवादी उपस्थित रहे।

### दुर्घटना में एक की मौत

**सूरौठ।** तहसील के समीपवर्ती ठााम ढिंढोरा निवासी दों युवक सांय 5:30 बजे अनाज मंडी मंडावर रोड हिंडौन सिटी से पल्लेदारी का काम करके अपने गांव बाईक से ढिंढोरा आ रहें दोनों भाई राधे जोगी व जवान सिंह जोगी पुत्र धर्मसिंह जोगी कि रास्ते में ढिंढोरा पेट्रोल पंप से पहले नहर के पास धुलाई सर्विस सेंटर के सामने मोटरसाइकिलों कि टक्कर हो गई, जिसमें दोनों भाई जवान सिंह व राधे जोगी दोनों के गंभीर चोटें आई थी । वहां उपस्थित लोगों ने एंबुलेंस व घरवालों को फोन पर सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे एंबुलेंस द्वारा राजकीय अस्पताल हिंडौन पहुंचे डॉक्टरों द्वारा देखा गया तों राधे योगी की गंभीर चोटें होने के कारण जयपुर रेफर कर दिया। जवान सिंह राजकीय अस्पताल हिंडौन में भर्ती कर दिया।इलाज चल रहा है कल सुबह लगभग 6 बजे ट्रोमा हॉस्पिटल जयपुर में राधे योगी की मृत्यु हो गई राधे योगी के दो लड़के हैं मनीष योगी 10 वर्ष अजय योगी 7 वर्ष है गममीन माहौल में दाह संस्कार किया गया।

### जरूरतमंद लोगों को भोजन कराया

**भरतपुर (निस)।** लायन्स क्लब भरतपुर डायमण्ड द्वारा अन्नपूर्णा रसोई आरबीएम हॉस्पिटल भरतपुर में 160 जरूरतमंद लोगों को खीर, पूरी, आलू व छोले की सब्जी का विशिष्ट भोजन कराया गया। रसोई में पधारे समस्त लाभार्थियों ने स्वादिष्ट भोजन का लुत्फ उठाया। कार्यक्रम के संयोजक लायन कपूर चन्द गोयल रहे। कार्यक्रम में क्लब अध्यक्ष लायन सुरेश सुनार, पंकज बंसल, सुभाष चन्द अग्रवाल, मोहन लाल शर्मा सहित बड़ी संख्या में लायन सदस्य उपस्थित हुए। रसोई में पधारे लायन्स क्लब के सभी सदस्यों का श्री अन्नपूर्णा रसोई के संचालक विष्णु दत्त शर्मा ने दुपट्टा ओढ़ाकर स्वागत किया और नेक कार्य के लिए आभार प्रकट किया।

### काकुल जांगिड प्रथम स्थान पर

**सूरौठ ।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सूरौठ की छात्रा काकुल जांगिड ने जिला स्तरीय प्रतियोगिता में व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत कंप्यूटर साइंस में प्रथम स्थान प्राप्त किया जिस पर स्थानीय विद्यालय के प्रिंसिपल सोहन सिंह मीणा ने जानकारी देते हुए बताया कि छात्रा 04 फ़रवरी 2025 को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में कॉमर्स कॉलेज जयपुर में भाग लेगी ,मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी करौली इंद्रेश तिवारी व मेघराम मीना, कार्यक्रम अधिकारी समसा करौली द्वारा छात्रा को जिला स्तर पर सम्मानित किया गया स्थानीय विद्यालय के कंप्यूटर शिक्षक पुष्पेंद्र बैंसला, सूरज जाट व विकाश चौधरी के मार्गदर्शन में छात्रा ने तैयारी की जिस पर छात्रा जांगिड़ ने अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरूजनों कों दिया , जिस पर अध्यापक जनों ने जिला स्तरीय प्रतियोगिता में व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत कंप्यूटर साइंस में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर बंधाई दी ।

### प्रशिक्षण कार्यक्रम जारी

**करौली (निं.सं.)।** सहायक निदेशक जिला रोजगार कार्यालय ने बताया कि एनएसएसएस सिक्युरिटी जयपुर प्रा.लि. के द्वारा एक दिवसीय ब्लॉक स्तरीय सुरक्षा जवान प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा । उन्होंने बताया कि पंचायत समिति हिण्डौन में आज रविवार 3 फरवरी,पंचायत समिति टोडाभीम में 4 फरवरी,पंचायत समिति श्रीमहावीरजी में 5 फरवरी,पंचायत समिति नादौती में 6 फरवरी,पंचायत समिति सपोटरा में 7 फरवरी,पंचायत समिति मंडरायल में 8 फरवरी,पंचायत समिति करौली में 10 फरवरी व पंचायत समिति मासलपुर में 11 फरवरी को आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सुरक्षा जवान हेतु योग्यता 10वीं उर्तीण, उम्र 19 से 45 वर्ष, उचाई 168 से.मी व वजन 52 से 90 किलो निर्धारित है।

### सुबह सिंह सैमाडा बने टेलीफोन सहाहकार समिति के सदस्य

**गंगापुर सिटी।** टोंक-सवाई माधोपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद हरीश चन्द्र मीणा की अनुशंसा पर भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) द्वारा वजीरपुर तहसील के शिवाला गांव निवासी सुबह सिंह मीणा (सैमाडा) को टेलीफोन सलाहकार समिति का सदस्य मनोनीत किया गया है। सुबह सिंह सैमाडा सवाई माधोपुर युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष भी हैं।

## कुष्ठ रोग के प्रति चलेगा स्पर्श अभियान

**करौली ।** कुष्ठ कोई अभिशाप नहीं, एक सामान्य जीवाणु जनित बीमारी है जिसका आसान सा इलाज है, बस इतना सा देश की जनता समझ जाए तो सभी रोगी सामने आ जाएं। ऐसा होने पर बहुत जल्द इस रोग का उन्मूलन संभव है।

**सम्पत्ति से बेदखल**

मैं तीरथ लाल पुत्र श्रीलाल शर्मा निवासी मैंगजीन करौली शपथ पूर्वक बयान करता हूँ कि मेरे पुत्र चेतन कुमार शर्मा के लिए कोई भी लेन देन नही करें। क्योंकि विगत पांच वर्ष से मेरे पुत्र का मानसिक सन्तुलन खराब है। मेरे पुत्र को मेरी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। यदि कोई व्यक्ति लेन देन करता है। तो उसका स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरे व मेरे परिवार से कोई उज्र नही होगा।